प्रा०८५

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पत्रांक : नि० प्रा०/ नि० 1-20/2024 2077 /पटना, दिनांक 27/06/2025

प्रेषक,

**कयूम अंसारी,**
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०),**
**उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स० स०),**
कैमूर, मुजफ्फरपुर, जहानाबाद एवं पूर्णिया।
**संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०),**
**(संलग्न सूची के अनुसार)।**

विषय : **प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची की तैयारी के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 2035 दिनांक 24.06.2025 द्वारा कुल 14 प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उक्त पत्र के अनुलग्नक-1 में क्रमांक 14 के बाद निम्नांकित पैक्सों का नाम शामिल किया जाता है :-

| क्र० | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | समिति का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 15 | कैमूर | भभुआ | मनीहारी पैक्स | |
| 16 | मुजफ्फरपुर | पारू | कमलपुरा पैक्स | |
| 17 | जहानाबाद | काको | सैदाबाद परसाईन पैक्स | **रिक्त पदों का निर्वाचन-**<br>पिछड़ा वर्ग सदस्य पद 01 (महिला)<br>अत्यंत पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>अनुसूचित जाति वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला) |
| 18 | पूर्णिया | धमदाहा | रंगपुरा उत्तर नगर पंचायत पैक्स | **रिक्त पदों का निर्वाचन-**<br>पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (पुरूष/महिला)<br>पिछड़ा वर्ग सदस्य पद- 01 (महिला)<br>अनुसूचित जाति वर्ग सदस्य पद- 01 (पुरूष/महिला)<br>अनुसूचित जाति वर्ग सदस्य पद 01 (महिला) |

2. उक्त सहकारी समितियों की मतदाता सूची प्रकाशन का कार्यक्रम प्राधिकार के पत्रांक 2035 दिनांक 24.06.2025 के अनुरूप रहेगा। उक्त पत्र की शेष बातें यथावत रहेंगी।

**अनुलग्नक**- प्राधिकार का पत्रांक 2035 दिनांक 24.06.2025.

विश्वासभाजन,
27.06.25
(कयूम अंसारी)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2077 /पटना, दिनांक 27/06/2025

प्रतिलिपि : संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। वे कृपया अपने स्तर से भी उपर्युक्त निदेश की जानकारी संबंधित समिति को देगें तथा संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी को स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। ज्ञातव्य हो कि निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा की गई किसी पृच्छा का सम्यक् एवं त्वरित उत्तर देने हेतु वे कर्त्तव्यबद्ध (dutybound) हैं।

2. उन्हें निदेशित किया जाता है कि वे कट-ऑफ तिथि के आधार पर प्राथमिक कृषि साख समिति से निर्धारित तिथि को प्रपत्र एम-1 में सदस्यता सूची प्राप्त करने की व्यवस्था अपने स्तर से भी सुनिश्चित करेंगे।

27.06.25

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2077 /पटना, दिनांक 27/06/2025

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.06.25

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2077 पटना/ दिनांक 27/06/2025

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.06.25

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2077 /पटना, दिनांक 27/06/2025

प्रतिलिपिः MIS कोषांग, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि इस कार्यक्रम के अनुसार वेबसाईट से संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई ससमय करना सुनिश्चित करेंगे।

27.06.25

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 2077 /पटना, दिनांक 27/06/2025

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ संयुक्त सचिव/ परामर्शी/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.06.25

संयुक्त सचिव।